दनांकः 16.10.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दुनिया के कुल डिजिटल लेनदेन का 46 फीसदी भारत में हो रहा है। ये जानकारी केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय 6जी संगोष्ठी के उद्‌घाटन सत्र में दी। उन्होंने कहा कि इस साल अगस्त में यूपीआई पर 275 अरब डॉलर के लगभग डेढ़ अरब लेनदेन हुए। श्री सिंधिया ने हर नागरिक के लिए साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने की जरूरत पर भी जोर दिया। संचार मंत्री ने भरोसा जताया कि भारत 6जी तकनीक में दुनिया का नेतृत्व करेगा।

000

राईजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट को लेकर प्रदेश में जिला स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सवाईमाधोपुर में प्रभारी मंत्री गौतम कुमार दक की मौजूदगी में कार्यक्रम हुआ। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और अन्य क्षेत्रों के लिए 1 हजार 119 करोड़ रुपये से ज्यादा राशि के 34 एमओयू पर हस्ताक्षर किये गये।

000

मध्यप्रदेश का एक दल राजस्थान में मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना के प्रबंधन का अध्ययन करने आया है। इस दल ने आज जयपुर स्थित स्वास्थ्य भवन में अपने अनुभव साझा किये। राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने बताया कि टीम ने दो दिन के दौरे में एसएमएस अस्पताल के मेडिकल कॉलेज, ड्रग वेयरहाउस और स्वास्थ्य केंद्रों का भ्रमण कर दवा प्रबंधन की जानकारी ली।

000

नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने आज केंद्र शासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर के शेर–ए–कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में श्री अब्दुल्ला और उनकी मंत्रिपरिषद को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और भारतीय जनता पार्टी के नेता शामिल हुए।

000

आज राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड–एनएसजी का स्थापना दिवस है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बधाई दी है। श्री मोदी ने अपने संदेश में देश की सुरक्षा में एनएसजी की प्रतिबद्धता सराहना की है। उन्होंने कहा कि खतरों से निपटने के लिए एनएसजी का समर्पण, साहस और संकल्प प्रशंसनीय है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी एनएसजी को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि ये सर्वोत्तम सुरक्षा के आदर्श वाक्य पर खरा उतर रहा है। उन्होंने कहा कि एनएसजी क बहादुर जवानों ने राष्ट्रीय सुरक्षा को लगातार मजबूत किया है।

000

डीग जिले में डिप्थीरिया बीमारी की रोकथाम के लिए लगातार टीकाकरण किया जा रहा है। इसके लिए चिकित्सा विभाग जागरूकता अभियान भी चला रहा है। डीग के राजकीय अस्पताल के प्रभारी ने बताया कि आशा सहयोगिनियां और एएनएम कार्यकर्ता घर–घर जाकर टीकाकरण के लिए लोगों में जागरुकता फैला रहे हैं।

000

दीपावली के त्यौहार पर भीलवाडा दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ ने नवाचार किया है। संघ के प्रबंध संचालक ने बताया कि लोगों को शुद्ध मिठाईयां उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके लिए शहर में 23 स्थानों पर मिठाई केन्द्र बनाए जाएंगे। इनमें 22 अक्टूबर से दूध से बनी विभिन्न मिठाइयां मिलेंगी।

000

शरद पूर्णिमा के अवसर पर आज मंदिरों और विभिन्न संस्थाओं की ओर से शरद उत्सव के आयोजन हो रहे हैं। चूरू जिले के सालासर बालाजी धाम पर लगने वाला लक्खी मेला परवान पर है। मुख्य मेला आज भर रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को शीत ऋतु के स्वागत पर्व 'शरद पूर्णिमा' की शुभकामनाएं दी हैं। अपने सोशल मीडिया संदेश में उन्होंने कहा कि यह पावन पर्व सभी के जीवन को सुख, समृद्धि, सौभाग्य और आरोग्य से प्रकाशित करे।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 अक्टूबर को आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 115वीं कड़ी होगी। श्रोता, इस महीने की 25 तारीख तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 1 1 – 7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी एप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

000